| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Edition | Meerut |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 03 |
| Date | 21st April 2019 |

A JV of Government of India and participating State Governments

हिन्दुस्तान

# मोदीपुरम में 64 हेक्टेयर में बनेगा रैपिड रेल डिपो

## आठ मार्च को पीएम ने किया था उद्घाटन

- हरकत में आया प्रशासन, जमीन के लिए कवायद तेज
- दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल की मॉनिटरिंग पीएमओ से शुरू

मेरठ | मुख्य संवाददाता

प्रधानमंत्री मोदी की ओर से आठ मार्च को दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का उद्घाटन किए जाने के बाद अब इस प्रोजेक्ट में हर दिन तेजी आ रही है। एनसीआरटीसी ने मोदीपुरम में डिपो निर्माण के लिए दौराला गांव में जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया है। बताया यह जा रहा है कि प्रोजेक्ट में तेजी से काम प्रारंभ करने के लिए पीएमओ से मॉनिटरिंग की जा रही है।

एनसीआरटीसी की ओर से प्रशासन को पत्र भेज कर मोदीपुरम में डिपो के लिए कुल 64 हेक्टेयर जमीन का प्रस्ताव दिया है, जो तीन पॉकिट में है। इन तीन पॉकिट में लगभग तीन हेक्टेयर जमीन सार्वजनिक उपयोग या सरकारी है। अब प्रशासन, शासन के प्रावधान के तहत इस सारी जमीन को एनसीआरटीसी को ट्रांसफर करने पर विचार कर रहा है। एनसीआरटीसी के अधिकारियों का कहना है कि तत्काल सरकारी जमीन मिल जाए तो डिपो के लिए जमीन पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। डिपो निर्माण में काफी समय लगने की संभावना है।

प्रशासन के स्तर से इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए जमीन के चिह्नांकन के काम को प्राथमिकता से लिया है। जल्द ही जमीन चिह्नित कर कार्रवाई कर दी जाएगी।



**30274** करोड़ की लागत आएगी रैपिड रेल प्रोजेक्ट पर

**40** प्रतिशत पैसा देगी यूपी और केंद्र सरकार

**60** प्रतिशत पैसा ऋण लेकर जुटाया जाएगा

**80** फीसदी ट्रैक होगा एलीवेटेड, 20 फीसदी अंडरग्राउंड

### दौराला गांव की इस तरह चाहिए सरकारी जमीन

| | |
|---|---|
| पॉकेट ए के लिए | 1.8010 हेक्टेयर |
| पॉकेट बी के लिए | 0.5748 हेक्टेयर |
| पॉकेट सी के लिए | 0.6162 हेक्टेयर |

**82** किलोमीटर लंबा ट्रैक प्रस्तावित है मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल

## साहिबाबाद से दुहाई तक तेजी से होगा काम

**मेरठ।** एनसीआरटीसी के अधिकारियों के अनुसार अब पहली प्राथमकिता में साहिबाबाद से दुहाई का प्रोजेक्ट है। इसमें दुहाई में डिपो भी प्रस्तावित है। इसके लिए गाजियाबाद प्रशासन और संबंधित विभागों से तत्काल सरकारी जमीन उपलब्ध कराने को कहा गया है।

साहिबाबाद से दुहाई तक 17 किलोमीटर रैपिड रेल रूट को लेकर अगले महीने से काम प्रारंभ कराना है मार्च-2023 तक इस पहले फेस का काम पूर्ण करने का लक्ष्य है।

इसके लिए कमिश्नर के स्तर पर हुई बैठक में सारी जानकारी उपलब्ध करा दी गई है और कमिश्नर स्तर से संबंधित विभागों को निर्देश दिए जा चुके हैं। जल्द ही सरकारी जमीन मिल जाएगी।

### लेडीज के लिए कोच रिजर्व

रैपिड रेल 3 कोच के सेट में चलेगी, जिसे अधिकतम 9 कोच तक बढ़ाया जा सकेगा। इसमें लेडीज स्पेशल और बिजनेस क्लास कोच रिजर्व होंगे। बिजनेस क्लास के कोच का किराया अधिक रखा जाएगा।

### कॉरिडोर पर हर 5-10 मिनट में मिलेगी ट्रेन

रैपिड रेल से एनसीआर के यूपी, हरियाणा और राजस्थान के शहरों में जाने के लिए स्टेशन पर ज्यादा इंतजार नही करना पड़ेगा। हर 5-10 मिनट में रैपिड रेल दिल्ली से मेरठ, अलवर और पानीपत के रूट के लिए आएगी और जाएगी।